सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-424**
05/10/2018

मुख्यमंत्री ने आम जनता को दी बड़ी राहत, सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल की वैट दर घटाई, पेट्रोल 2.52 रूपये प्रति लीटर और डीजल 2.55 रूपये प्रति लीटर सस्ता हुआ

पटना, 05 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वैट दर घटाकर पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कमी करते हुये आम जनता को बड़ी राहत दी है।

सरकार ने पेट्रोल पर वैट की दर को 26 प्रतिशत से घटाकर 22.20 प्रतिशत तथा हाई स्पीड डीजल पर वैट दर को 19 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। वैट दर घटाने से पेट्रोल 2.52 रूपये प्रति लीटर और डीजल 2.55 रूपये प्रति लीटर सस्ता हो जायेगा।

******